# प्रसार भारती

## भारतीय प्रसारण निगम

## आकाशवाणी केन्द्र शिमला

### 16.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

**मुख्य समाचार**

- प्रदेश में 51 शहरी निकायों के लिए कल होगा मतदान– सुबह 7 बजे से 3 बजे तक डाले जाएंगे वोट– प्रशासन ने किए पुख्ता इंतज़ाम।
- राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने सभी मतदाताओं से की वोट डालने की अपील– मतदान को बताया ज़िम्मेदारी व गौरव का प्रतीक।
- पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों को लेकर भी गतिविधियां तेज– कांगड़ा ज़िले में सबसे अधिक 17 हज़ार 6 सौ 43 प्रत्याशी मैदान में।
- शिमला नगर निगम के महापौर सुरेन्द्र चौहान ने सैहब सौसायटी के सफाई कर्मचारियों से की हड़ताल समाप्त करने की अपील।
- धर्मशाला में कल आर.सी.बी. व पंजाब किंग्स के बीच खेला जाएगा आई.पी.एल. का अहम मुकाबला।

**निकाय चुनाव**

निर्वाचन आयोग ने कल प्रदेश में होने वाले शहरी निकाय चुनावों के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं और पोलिंग पार्टियों को गंतव्य स्थानों पर भेज दिया गया है। शहरी निकायों को लेकर प्रदेश में 4 सौ 39 पदों के लिए एक हज़ार एक सौ 47 उम्मीदवार मैदान में हैं। नगर निगम के चुनाव पार्टी चिन्ह पर करवाए जा रहे हैं और मुख्य मुकाबला कांग्रेस व भाजपा के बीच माना जा रहा है। नगर पंचायतों और नगर परिषदों के चुनाव पार्टी चिन्ह पर नहीं करवाए जा रहे हैं। शहरी निकाय चुनावों में लगभग 3 लाख 80 हज़ार मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। धर्मशाला, पालमपुर, मण्डी और सोलन नगर निगमों सहित प्रदेश के 51 शहरी निकायों के लिए कल सुबह 7 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक मतदान होगा। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि यदि मतदान के दिन मतदाता के पास किसी कारणवश मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो उसके स्थान पर किसान पासबुक, राशनकार्ड, जाति प्रमाण पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस और आधार कार्ड जैसे 17 दस्तावेज़ों में से कोई एक दस्तावेज दिखाया जा सकता है। नगर परिषद और नगर पंचायतों के लिए डाले गए वोटों की गिनती कल मतदान खत्म होने के तुरंत बाद शुरू होगी और शाम तक परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। इसके अलावा नगर निगमों के लिए डाले गए वोटों की गिनती 31 मई को होगी।

**राज्यपाल**

राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने प्रदेश के सभी मतदाताओं से शहरी स्थानीय निकाय चुनावों में मतदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि ये चुनाव शहरों व कस्बों को बेहतर नागरिक सुविधाएं और योजनाबद्ध विकास सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाते हैं। राज्यपाल ने कहा कि मतदान केवल संवैधानिक अधिकार ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का महत्वपूर्ण कर्तव्य भी है। उन्होंने पहली बार मतदान करने वाले युवाओं से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की है। कविन्द्र गुप्ता ने कहा कि पहली बार मतदान करना राष्ट्र निर्माण के प्रति ज़िम्मेदारी और गौरव का प्रतीक है।

**विक्रमादित्य सिंह**

वरिष्ठ कांग्रेस नेता व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शहरी निकायों में पार्टी की जीत का दावा किया है। उन्होंने आज शिमला में कहा कि चारों नगर निगमों में कांग्रेस पार्टी ने ईमानदार व कर्मठ प्रत्याशी उतारे हैं और सभी शहरी निकायों का संतुलित विकास करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

## बिंदल

दूसरी ओर, प्रदेश भाजपा ने भी नगर निगम चुनावों में अपनी जीत का दावा किया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने आज नाहन में कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार ने शहरी निकायों में विकास कार्यों की अनदेखी की है और लोगों को झूठी गारंटियां दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि चारों नगर निगमों में भाजपा की जीत से विकास का नया दौर शुरू होगा और जनता को कांग्रेस सरकार की विफलताओं से मुक्ति मिलेगी। बिंदल ने कहा कि भाजपा की जीत के बाद नगर निगमों में पेयजल, पार्किंग, सड़क और अन्य आधारभूत सुविधाओं को विकसित किया जाएगा।

## कांगड़ा

प्रदेश के सबसे बड़े ज़िले कांगड़ा में मतदान को लेकर प्रशासन ने विशेष प्रबंध किए हैं। ज़िले में धर्मशाला और पालमपुर नगर निगमों के अलावा अनेक नगर परिषदों व नगर पंचायतों में मतदान हो रहा है। ज़िला निर्वाचन अधिकारी हेमराज बैरवा ने बताया कि मतदान केन्द्रों के सौ मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार की पार्किंग या अन्य गतिविधि की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने ज़िले के सभी मतदाताओं से वोट डालने की अपील की है।

## मुख्यमंत्री दौरा

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू आज शिमला से नई दिल्ली के लिए रवाना हुए। उनका कल नई दिल्ली से थिरूवनंतपुरम जाने का कार्यक्रम है जहां वे 18 मई को केरलम् के नए मुख्यमंत्री वी.डी. सतीशन के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेंगे। सुखविन्द्र सिंह सुक्खू का 19 मई को शिमला लौटने का कार्यक्रम है।

## डीसी सोलन

नगर निगम सोलन में मतदान के लिए 38 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें से 14 मतदान केन्द्रों का ज़िम्मा महिला कर्मचारियों को सौंपा गया है। शहर में 7 मतदान केन्द्र संवेदनशील घोषित किए गए हैं। ज़िला निर्वाचन अधिकारी मनमोहन शर्मा ने बताया कि पोलिंग पार्टियां अपने–अपने मतदान केन्द्रों के लिए रवाना कर दी गई हैं। उन्होंने शहर के सभी लोगों से मतदान करने की अपील की है।

## सिरमौर डीसी

शहरी निकाय चुनावों के अलावा प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों को लेकर भी गतिविधियां जारी हैं। राज्य में इस बार 26, 28 और 31 मई को तीन चरणों में पंचायती राज चुनाव करवाए जा रहे हैं। कांगड़ा ज़िले में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के लिए सबसे अधिक 17 हज़ार 6 सौ 43 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

उधर, सिरमौर ज़िले में 28 पंचायतें निर्विरोध चुनी गई हैं और सरकार द्वारा इन्हें 25–25 लाख रूपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। ज़िला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका वर्मा ने बताया कि पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के लिए ज़िले में कुल 3 हज़ार 9 सौ 9 प्रत्याशी अपना भाग्य आज़मा रहे हैं।

## सफाई कर्मी

शिमला शहर में सैहब सोसायटी से जुड़े सफाई कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं जिससे सफाई व्यवस्था पर असर पड़ा है। शिमला नगर निगम के महापौर सुरेन्द्र चौहान ने सफाई कर्मचारियों से हड़ताल समाप्त कर काम पर लौटने की अपील की है। उन्होंने आज शिमला में कहा कि चुनाव आचार संहिता के बाद 10 फीसदी वेतन वृद्धि का फैसला लिया जाएगा और वे सफाई कर्मचारियों की सभी जायज़ समस्याओं को मुख्यमंत्री व शहरी विकास मंत्री से उठाएंगे।

## नड्डा–डेंगू दिवस

आज राष्ट्रीय डेंगू दिवस है। केन्द्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा आधिकारिक रूप से घोषित इस दिवस का उद्देश्य डेंगू के प्रति जागरूकता बढ़ाना और मानसून से पहले इसके खिलाफ निवारक उपायों को मजबूत करना है। यह दिवस मच्छरों के प्रजनन को रोकने के उद्देश्य से सरल नियंत्रण रणनीतियों को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा ने इस मौके पर नागरिकों से डेंगू की रोकथाम के प्रति जागरूकता बढ़ाने और स्वच्छ व

सुरक्षित वातावरण बनाए रखने के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। नड्डा ने कहा कि केन्द्र सरकार बेहतर निगरानी, व्यापक परीक्षण, बेहतर उपचार सुविधाओं और व्यापक जागरूकता अभियानों के माध्यम से डेंगू नियंत्रण प्रयासों को मजबूत करना जारी रखे हुए है। इस वर्ष का विषय है, **''डेंगू नियंत्रण के लिए सामुदायिक भागीदारी – जांच करें, साफ करें और ढकें।''** जे.पी. नड्डा ने डेंगू के खिलाफ लड़ाई में सक्रिय सामुदायिक भागीदारी के महत्व पर बल दिया है।

## क्रिकेट

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में कल आर.सी.बी. और पंजाब किंग्स के बीच आई.पी.एल. का एक अहम मुकाबला खेला जाएगा। दोनों ही टीमों ने आज जमकर अभ्यास किया। इस मैच को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में खासा उत्साह है। ये मैच दोपहर बाद साढ़े 3 बजे शुरू होगा। अंक तालिका में आर. सी.बी. 16 अंकों के साथ शीर्ष पर बनी हुई है। वहीं पंजाब किंग्स 13 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है और प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए उसे ये मैच जीतना ज़रूरी है। धर्मशाला में कल होने वाले नगर निगम चुनाव को देखते हुए प्रशासन ने मैच देखने आने वाले क्रिकेट प्रेमियों के वाहनों के लिए वैकल्पिक पार्किंग व्यवस्था की है।

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- प्रदेश में 51 शहरी निकायों के लिए कल होगा मतदान– सुबह 7 बजे से 3 बजे तक डाले जाएंगे वोट– प्रशासन ने किए पुख्ता इंतज़ाम।
- राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने सभी मतदाताओं से की वोट डालने की अपील– मतदान को बताया ज़िम्मेदारी व गौरव का प्रतीक।
- पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों को लेकर भी गतिविधियां तेज– कांगड़ा ज़िले में सबसे अधिक 17 हज़ार 6 सौ 43 प्रत्याशी मैदान में।
- शिमला नगर निगम के महापौर सुरेन्द्र चौहान ने सैहब सौसायटी के सफाई कर्मचारियों से की हड़ताल समाप्त करने की अपील।
- धर्मशाला में कल आर.सी.बी. व पंजाब किंग्स के बीच खेला जाएगा आई.पी.एल. का अहम मुकाबला।